बी ई एम एल beml
NEW FRONTIERS, NEW DREAMS

बीईएमएल को स्कॉच पुरस्कार

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी है, को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित स्कॉच पुरस्कार मिला: कोलकाता मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड परियोजना (केएमआरसीएल) - बीईएमएल मेट्रो कारों के लिए गोल्ड।

बीईएमएल ही प्रथम ऐसी भारतीय कंपनी है जिसने उन्नत संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) प्रणाली के साथ स्वदेशी रूप से विकसित छह कार मेट्रो ट्रेन की आपूर्ति केएमआरसीएल को की है। छह कोचवाले उक्त रेक के दोनों अंत में दो ड्राइविंग मोटर कार (डीएमसी), ऊर्जा संरक्षण के लिए एलईडी लाइटिंग और नवीनतम ट्रेन सुरक्षा/नियंत्रण प्रणाली शामिल हैं । प्रत्येक रेक की वहन क्षमता 2068 यात्रियों की है और अधिकतम संचालन गति 80 किमी प्रतिघंटा है।

नवोन्मेष मेट्रो ट्रेनों को बीईएमएल द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है, जो वास्तव में सरकार के 'डिजाइन इन इंडिया' और 'कुशल भारत' पहल के उद्देश्य को साकार कर रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में, स्कॉच समूह द्वारा बीईएमएल को पुरस्कार प्रदान किया गया था, जिसमें सामाजिक-आर्थिक मुद्दों से जुड़े एक थिंक-टैंक समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा मीडिया रिलीस

बेंगलूर
दिनांक : 01.07.2019

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें :
रमानंद एस
सहायक महाप्रबंधक (सामूहिक संचार)
बीईएमएल लिमिटेड
23/1, चौथा मेन, एस.आर. नगर,
बेंगलूर - 560 027
मोबाइल : 97 413 51582